# देशभक्ति की भावना के सामने बारिश भी पड़ी फीकी: स्वतंत्रता का संदेश लेकर महापौर, कलेक्टर,एसपी के साथ दौड़ा कोरबा

### राष्ट्र प्रेम की जुनून के साथ स्वतंत्रता दौड़ में शामिल हुए युवा, जनप्रतिनिधि और नागरिकगण

**कोरबा।** कलेक्टर संजीव झा के निर्देशानुसार आजादी के 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी कोरबा जिले में आज स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता को अक्षुण रखने का संदेश लेकर आज सुबह कोरबा शहर के घंटाघर चौक से महापौर राज किशोर प्रसाद, कलेक्टर संजीव झा और पुलिस कप्तान संतोष सिंह के साथ पूरा कोरबा शहर स्वतंत्रता दौड़ में शामिल हुआ। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किए गए स्वतंत्रता दौड़ में शामिल नागरिकों की देशभक्ति की भावना के सामने बारिश भी फीकी पड़ गई। स्वतंत्रता का संदेश लेकर बारिश में भीगते हुए महापौर, कलेक्टर और एसपी के साथ जिले के युवा, जनपतिनिधि और नागरिकगणों ने जोश और जुनून के साथ दौड़ लगाई। स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस दौड़ में स्कूली बच्चों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में खिलाडिय़ों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। लगातार हो रही बारिश को ध्यान में रखते हुए यह दौड़ सुबह आठ बजे घंटाघर चौक से शुरू हुई और मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, आदिवासी शक्ति पीठ, महाराणा प्रताप चौक, बुधवारी चौक से



होते हुए वापस घंटाघर चौक पर ही खत्म हुई। स्वतंत्रता दौड़ में पूर्व सभापति नगर पालिक निगम कोरबा सन्तोष राठौर, अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नूतन कंवर, डिप्टी कलेक्टर भरोसा राम ठाकुर, मनोज खांडे, सीमा पात्रे, एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा, कोरबा एसडीएम हरिशंकर पैकरा, जिला एवं निगम प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, स्काउट के सदस्य, एनसीसी बटालियन के कर्नल, व्यायाम शिक्षकगण, विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी जिले के स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, खेल संघों के खिलाड़ी सहित गणमान्य नागरिकगण शामिल हुए।

स्वतंत्रता दौड़ के समापन अवसर पर आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण समारोह में महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अपने उदबोधन में नागरिकों को स्वतंत्रता की 75 वी वर्षगांठ की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि हमको स्वतंत्रता दिलाने वाले शहीदों के योगदान को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता और सद्भावना को अक्षुण बनाना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने देशभक्ति की भावना से जोश और जुनून के साथ स्वतंत्रता दौड़ में शामिल नागरिकों और युवाओं को बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर संजीव झा ने भी सभी नागरिकों को आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई दी। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा की जिस प्रकार आज आयोजित दौड़ को पूरा करने से पश्चात जो खुशी प्रतिभागियों को मिली। उसी प्रकार परतंत्रता से स्वतंत्रता प्राप्त होने पर कितनी खुशी देशवासियों को मिली होगी,इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने जिलेवासियों को देश की आजादी की हर्ष और उल्लास हमेशा कायम रहने की शुभकामनाएं दी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस स्वतंत्रता दौड़ में पुरूष वर्ग से महेश यादव प्रथम, अजित कुमार द्वितीय एवं रोशन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार महिला वर्ग से चांदनी धुर्वे ने प्रथम, मनीषा दास द्वितीय तथा लवली साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंचासीन अतिथियों ने सभी विजेता उपविजेता धावकों को पुरस्कृत किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एसईसीएल कोरबा एरिया ने स्कूली बच्चों के साथ निकाली तिरंगा रैली

**कोरबा।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा के परिपेक्ष्य में एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में स्कूली बच्चों एवं कर्मचारियों के द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। बिश्वनाथ सिह, क्षेत्रीय महाप्रबधक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर तिरंगा रैली का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय, कोरबा क्षेत्र से किया गया। रैली एसईसीएल, क्षेत्रीय मुख्यालय, कोरबा क्षेत्र से आफिसर्स कालोनी, रविशंकर नगर, शिवाजी नगरए महाराणा प्रताप नगर होते हुये घंटाघर पहुंची। घंटाघर में बच्चों के द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों एवं तिरंगा पर आधारित नुक्कड नाटक का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात रैली महाराणा प्रताप नगर, ड्रीलीग कैम्प कालोनी होते हुये डी ए व्ही स्कूल कोरबा पहुंची। जहां रैली का समापन हुआ। रैली के दौरान कंपनी के श्रम संघ एटक, इंटक, बीएमएस, एचएमएस सीटू के प्रतिनिधि एवं कंपनी के अधिकारियो के द्वारा लगभग 1000 राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गयाए एवं राष्ध्रीय ध्वज को ससम्मान लगाकर हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने के लिये आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एन के पटनायक, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबधक, अश्विनी शुक्ला, उपप्रबंधक;कार्मिक, किरण डहंगा, उपप्रबंधक ;सीडी, भुवनेश्वर कश्यप, सुभाष सिंहए व्ही गिरी, श्वाई, सुहास भादे, अमित घोष, एवं डीएव्ही स्कूल से धर्मेद्र तिवारी, विजयालक्ष्मी का सराहनीय सहयोग रहा। सभी उपक्षेत्रो एवं इकाइयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही कंपनी के सभी कार्यालय, एचईएमएम वाहनो एवं खदानों में तिरंगा लगाया गया। कंपनी के सभी कर्मचारियों नें भारी उत्साह के साथ अपने अपने आवास में तिरंगा लगाया।

### एनएसएस ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा

**कोरबा।** स्थानीय शासकीय गलर्ल्कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वाधीनता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने इसे रवाना किया। भारत माता और अमर शहीदों के जयघोष के साथ एनएसएस की छात्राओं ने मुख्य मार्ग का भ्रमण करने के साथ लोगों को जागरूक किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत पिछले दिनों की गई और सभी नागरिकों से इस स्वाधीनता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा फहराने का आवाहन किया गया। स्वाधीनता पर्व से पहले जन जागरण के लिए अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं । इसी श्रंखला में शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी भी दर्ज हो रही है। व्यक्तित्व विकास और अनुशासन की भावना पर काम करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम अधिकारी डेजी कुजुर ने यात्रा का मार्गदर्शन दिया। गर्ल्स कॉलेज से शुरू होकर यात्रा घंटाघर चौराहा होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहा पर पहुंची। इस रास्ते में छात्राओं के द्वारा स्वाधीनता पर्व अमर रहे एवं भारत माता की जय के नारे लगाएं गए। समापन पर प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह ने अपनी बात रखी और भारत की स्वाधीनता मुख्य परिप्रेक्ष्य में स्वयंसेवकों को आवश्यक जानकारी दी। इस यात्रा में मुख्य रूप से एनएसएस की वॉलिंटियर पूजा, कंचन एकाजल, हेमा, रोशनी एमाला, आरती, प्रिया, फातिमा, रेशमा और अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

### बाईक रैली आज

**कोरबा।** एनएसयूआई की बैठक घंटाघर चौक में आयोजित की गई। जिसमें 15 अगस्त को बाईक रैली निकालने का निर्णय लिया गया। घंटाघर चौक से कोसाबाड़ी तक बाईक रैली निकाली जायेगी। बाईक रैली को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा, प्रदेश सचिव विशाल राजपूत, दीवाकर राजपूत, वसीम, सुनील भगतए, रिंकू आदिले ने सभी कार्यकर्ताओं को जवाबदारी दे दी है।

# 24 घंटे में बरसी 70.1 मिमी औसत बारिश, नदी-नाले उफान पर

**कोरबा।** गुरुवार से शुरु हुई मूसलाधार बारिश तीसरे दिन शनिवार को भी जारी रही। जिले में बीते 24 घंटे में रेकार्डतोड़ औसत 70.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश पाली तहसील में हुई जहां सीजन में पहली बार एक दिन में 138.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। नदी-नालों का जलस्तर बढऩे लगा है।



सावन में बारिश के लिए तरस रहे खेतों को बीते दो दिनों की बारिश से काफी हद तक राहत मिली है। किसानों को जिस झड़ी का इंतजार था उसे सावन महीने के आखिरी दिनों ने पूरा कर दिया। खासकर पाली तहसील क्षेत्र में सूखे जैसी स्थिति दिखने लगी थी। जिन क्षेत्रों में रोपाई नहीं हो सकी थी वहां अब रोपाई में तेजी आएगी। तो वहीं जिन इलाकों मे खेतों में दरार आने लगी थी वहां भी फसल खराब नहीं होंगे। पाली की तरह सभी तहसील क्षेत्रों में जबरदस्त बारिश हुई है। कोरबा, हरदीबाजार तहसील क्षेत्र में 70 एमएम से अधिक बारिश दर्ज की गई है।

पाली में अधिक बारिश की वजह से निर्माणाधीन एनएच में भी पानी जमा हो गया था। सडक़ की ऊंचाई अधिक होने से पानी आसपास के घरों, दुकान व अस्पताल में घुस गया था। सडक़ के किनारे बनी नाली जगह-जगह से टूट गई थी। इस वजह से पानी लोगों के लिए आफत बना रहा। पाली के एक निजी अस्पताल परिसर के भीतर काफी देर तक बारिश का पानी का भराव रहा। घरों व दुकानों में रखा फर्नीचर भी खराब हो गया। बारिश थमने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

झमाझम बारिश से कोरबा शहर में भी पानी निकासी की व्यवस्था की पोल खुल गई। शहर के पंडित रविशंकर शुक्ल नगर से पोड़ीबहार मार्ग पर, लालू राम कॉलोनीए, टीपीनगर चौक, अमरैय्यापारा बस्ती में भी पानी जमा हो गया था। देररात जब बारिश थमी तो किसी तरह पानी का निकासी हो हुआ। बांगो बांध में अभी पानी का भराव महज 55 फीसदी के करीब ही पहुंचा है। कैचमेंट एरिया में बीते 24 घंटे में 444.80 मिमी बारिश ही दर्ज की गई है। वर्तमान में जलस्तर 351.25 मीटर तक पहुंचा है। जबकि बीते दो वर्षों में इस अवधि में जलस्तर 357 मीटर तक जा पहुंचा था। लगातार बारिश से पाली क्षेत्र के कई नाले उफान पर आ गए हैं। पाली से पोड़ी सिल्ली मार्ग पर नाले में निर्माणाधीन पुल के पास भी पानी ओवरफ्लो होकर बहने लगा था। काफी देर तक मार्ग बाधित रहा। इसी तरह पाली से चैतुरगढ़ जाने वाले मार्ग पर नाले का जलस्तर बढ़ गया था। नाले का पानी दो फीट तक पुल के ऊपर बह रहा था। इस वजह से आवागमन घंटो बाधित रहा।

# चोरी के टुल्लू पंप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** प्रार्थी जोहित राम पटेल पिता स्व.गणेश राम पटेल उम्र 60 वर्ष पता मंझवार मोहल्ला बरमपुर चौकी सर्वमंगला जिला कोरबा छत्तीसगढ़ का चौकी उपस्थित आकर अपराध पंजीबद्ध कराया कि 11 अगस्त 2022 को घर के बाड़ी में लगे टुल्लू पम्प को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुसके सर्वमंगला थाना कुसमुण्डा में अपराध क्र.356/2022 धारा 379, 34 भा.दवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा संतोष सिंह के निर्देशन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक दर्री सुश्री लितेश सिंह के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी कुसमुण्डा नवीन कुमार के नेतृत्व में पु.स.के. सर्वमंगला द्वारा 02 घण्टे के भीतर त्वरित कार्यवाही करते हुए संदेही युवक आशीष गुप्ता उर्फ गोलू पिता जितेन्द्र गुप्ता उम्र 26 वर्ष, अभय पटेल पिता सोहन लाल पटेल उम्र 19 वर्ष साकिनान मंझवार पारा बरमपुर चौकी सर्वमंगला जिला कोरबा के कब्जे से 1 टूल्लू पंप एवम एक फावड़ा जप्त किया गया है, आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# आकृति महिला मंडल का हरियाली तीज महोत्सव

### मधु राठिया सावन क्वीन, विनीता ध्रुव हरियाली क्वीन और तीज क्वीन संध्या इंग्ले चुनी गईं



**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के आवासीय कॉलोनी स्थित सीनियर क्लब में आकृति महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। हरियाली तीज महोत्सव में सावन क्वीन मधु राठिया, हरियाली क्वीन विनीता ध्रुव और तीज क्वीन संध्या इंग्ले चुनी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कल्याणी बिजौरा ने महिला मंडल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए मिलजुल कर कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने कहा कि महिलाओं का कार्यक्रम बहुत ही सुंदर व प्रशंसनीय है।

हरियाली तीज महोत्सव में प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व की अध्यक्षद्वय निवेदिता बंजारा एवं सोनिया बघेल, संकल्प महिला मंडल कोरबा पश्चिम की अध्यक्ष प्रभा कटियार एवं पीजीटीआई कोरबा पूर्व से अनिता श्रीवास्तव समेत कोरबा पूर्व एवं कोरबा पश्चिम के महिला मंडल के सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। हरियाली तीज महोत्सव में कार्यक्रम की थीम 'डिस्को फ्यूजन' रही। इसमें रीना धुरंधर एवं मधु राठिया द्वारा भगवान श्रीगणेश जी की वंदना नृत्य के साथ की गई।

# शहीद जवानों के परिवारों का किया गया सम्मान

**कोरबा।** शहीद जवानों के परिवार का पुलिस ने सम्मान किया। जवानों की शहादत को याद किया गया। इसके लिए पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सम्मान समारोह में विधायक पुरुषोत्तम कंवर और पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह आदि शामिल हुए। अलग -अलग स्थानों पर कोरबा जिले के रहने वाले 12 जवानों ने अपनी शहादत दी है।



शनिवार को पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद जवानों के परिवार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में एसपी संतोष सिंह ने अमर शहीदों की शहादत के बारे में लोगों को संक्षिप्त जानकारी दिया। श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम कंवर, अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री लितेश सिंह,एसडीओपी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी, उप पुलिस अधीक्षक अजाक प्रदीप येरेवार, उप पुलिस अधीक्षक यातायात शिव चरण सिंह परिहार सहित जिले के सभी थाना चौकी प्रभारी और शहीदों के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

वर्ष 2005 में जम्मू के सांबा सेक्टर में शहीद हुए सीमा सुरक्षा बल के जवान सोमदत्त शर्मा के परिवार से डीआईजी ने मुलाकात किया। परिवार को शहादत का प्रमाण पत्र और तिरंगा झंडा प्रदान किया। सीमा सुरक्षा के जवान सोमदत्त शर्मा 22 मई, 1995 को पैरामिलट्री फोर्स में शामिल हुए थे। 18 मार्च 2005 को जम्मू कश्मीर के सांबा सेक्टर में शहीद हुए थे। 10 वर्ष तक सेना में सेवा देने वाले शहीद सोमदत्त के परिजनों से स्वाधीनता की 75 वीं वर्षगांठ से पहले सीमा सुरक्षा बल के डीआईजी देवेंद्र सिंह और अन्य जवानों ने शारदा विहार स्थित आवास पर परिवार से भेंट किया।

परिजनों का हाल-चाल जानने के साथ सोमदत्त की पत्नी प्रभा शर्मा को शहादत का प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज सौंपा। साथ उन्हें तिरंगा ध्वज भेंट किया गया। डीआईजी देवेंद्र सिंह ने बताया कि सभी शहीदों के परिजनों से मुलाकात की जा रही है।

# रोटरी क्लब ने छात्र-छात्राओं के साथ निकाली भव्य तिरंगा रैली

**कोरबा।** रोटरी क्लब ऑफ कोरबा द्वारा दिनांक 13 अगस्त को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा आजादी के 75 वां वर्षगांठ दिवस के अवसर पर कोरबा जिला के सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं को एकत्रित कर एक भव्य तिरंगा रैली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, यह रैली ओपन थिएटर घंटाघर चौक से शुभारंभ हुआ और सुभाष चौक दशहरा मैदान से होकर ओपन थिएटर घंटाघर चौक पर समाप्त हुई।



रोटरी क्लब कोरबा द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया किया गया जिसमें 12 से ज्यादा स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया इस तिरंगा रैली को प्रतियोगिता का स्वरूप दिया गया और इसमें प्रथम पुरस्कार गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल पीडब्ल्यूडी, द्वितीय पुरस्कार न्यू एरा पब्लिक स्कूल, तृतीय पुरस्कार दिव्य ज्योति छात्रावास को घोषित किया गया। लगभग 2000 बच्चों ने इस रैली में भाग लिया रोटरी क्लब के सचिव ने बताया आजादी के अमृत महोत्सव में शासन प्रशासन सभी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा अधिकारी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, रोटरी क्लब के इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन पूर्व अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल ने बताया लगभग 10 से ज्यादा स्कूल गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी पीडब्ल्यूडी न्यू एरा स्कूल कोरबा, दिव्य ज्योति छात्रावास, एनसी डीसी स्कूल गवर्नमेंट सेकेंडरी कन्या शाला, निर्मला स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर कोरबा,ब्लू बर्ड स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी, विद्युत गृह स्कूल के सभी छात्रों ने भरपूर जोश के साथ रैली में भाग लिया है इसके अलावा सभी बच्चों को स्वल्पाहार मेसर्स एके सिन्हा बालको द्वारा प्रदान किया गया, इसके अलावा रोटे आशीष मोदी द्वारा प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिया गया है सभी छात्रों को तिरंगा झंडा का वितरण सचिन वर्मा के द्वारा किया गया।

# नेशनल लोक अदालत में 807 प्रकरणों में 21 हजार 377 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर सभी मामलों से संबंधित नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा डीएल कटकवार के आतिथ्य में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ हुआ। नालसा थीम सांग न्याय सबके लिये के साथ नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। जिसमें न्यायालय में कुल 25 हजार 86 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें न्यायालयों में लंबित प्रकरण 1919 एवं प्री.लिटिगेशन के 23 हजार 130 प्रकरण थे। जिसमें राजस्व मामलों के 20 हजार 459 प्रकरण सहित कुल 20 हजार 539 प्री.लिटिगेशन प्रकरण तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के कुल 807 प्रकरणों सहित कुल 21 हजार 377 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में समझौते के आधार पर हुआ। विशिष्ठ अतिथि बी राम, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय कोरबा, अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ कोरबा, अपर सत्र न्यायाधीश कु.संघपुष्पा भतपहरी, अपर सत्र न्यायाधीश, एफ टीसी कोरबा श्रीमति ज्योति अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक कोरबा हरीश चंद्र मिश्र, अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वर्ग. एक कोरबा श्रीमति प्रतिक्षा अग्रवाल, संजय कुमार जायसवाल, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, कोरबा नूतन सिंह ठाकुर, सचिव जिला अधिवक्ता संघ कोरबा, बी के शुक्ला, सदस्य, छग राज्य विधिज्ञ परिषद बिलासपुर दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

बेसहारा महिला का सहारा बना नेशनल लोक अदालत- लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अंतर्गत एक प्रकरण में दिनांक 16/06/2021को शाम 07.30 बजे ग्राम सरगबुंदिया थाना उरगा के पास अनावेदक क्र. 01 ट्रक क्रमांक सी.जी.07.बी.एल.5755 ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल क्र. सी.जी.11.ए.एच.4209 को ठोकर मारकर दुर्घटनाग्रस्त किया गया। जिससे मोटर सायकल सवार पुष्पेन्द्र कुमार बियार को गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गयी। ऐसे में मृतक जो एकमात्र कमाने वाला सदस्य था, के मृत्यु के पश्चात् बेसहारा आवेदिका श्रीमति रेखा बीयार के लिये अत्यंत कठिन हो चला था। आवेदकगण ने क्लेम प्रकरण क्रमांक 651/2021 माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण में आवेदकगण एवं अनावेदक बीमा कंपनी ने हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में संयुक्त रूप से समझौता कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें उनके द्वारा 15,00,000 रूपये पन्द्रह लाख रूपये बिना किसी डर.-दबाव के राजीनामा किया तथा बेसहारा महिला को जीवन जीने का एक सहारा नेशनल लोक अदालत ने प्रदान किया।

हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में घर बैठे मिला गरीब आवेदक को न्याय- एक अन्य प्रकरण में मोटर दुर्घटना में श्रीमति सुंदरिया बाई बिंझवार की मृत्यु हो जाने पर आवेदकगण न्याय पाने के लिए दो साल से भटकते रहे। जिससे न्याय में देरी तथा मोटर यान अधिनियम के तहत क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त नहीं होने से आवेदक ने न ही अपने परिवार का सदस्य खोया साथ की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने में हो रही देरी भी अन्याय प्रतीत हो रही थी।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
पीड़ित संपर्क करें
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
Address: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU